# ई-व्हीकल्स रोड-शो

## चर्चा में क्यों?

11 दिसिंबर, 2021 को भोपाल नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस (14 दिसिंबर) के उपलक्ष्य में इलेक्ट्रिक वाहन की उपयोगिता के प्रति जन-जागृति तथा आमजन में इसके प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से भोपाल में इलेक्ट्रिक व्हीकल रोड-शो का आयोजन किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- इस रोड शो का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रारंभ किये गए ऊर्जा साक्षरता अभियान में प्रत्येक नागरिक को ऊर्जा-संरक्षण प्रबंधन एवं इसके सदुपयोग के बारे में जागरूक करना तथा पर्यावरण प्रदूषण को रोकने और पेट्रोल एवं डीज़ल पर होने वाले व्यय को नियंत्रित करने के लिये ई-व्हीकल को प्रोत्साहित करना है।
- इस रोड-शो में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा, ई-स्कूटर एवं ई-चार पहिया वाहन आदि शामिल थे। रोड-शो में शामिल ई-वाहन ऊर्जा विकास निगम परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों-तितली चौक, लिंक रोड क्रमांक-1, न्यू मार्केट, मिंटो हॉल, पुलिस कंट्रोल रूम, शहीद स्मारक से 6 नंबर होते हुए वापस ऊर्जा भवन पहुँचे।
- इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा ई-मोबिलिटी मिशन लॉन्च किया गया है। इसके अलावा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रचारित-प्रसारित करने के लिये 'गो-इलेक्ट्रिक कैम्पेन' प्रारंभ किया है।
- भोपाल नगर निगम के मुख्य अभियंता भुवनेश कुमार पटेल ने बताया कि परिवहन क्षेत्र में कुल ऊर्जा का 18 प्रतिशत व्यय होता है, जिसमें लगभग 94 मिलियन टन ऑयल की खपत होती है। 'इलेक्ट्रिक व्हीकल'को प्रमोट करने से ऑयल की बचत के साथ ही विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी। भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिये विशेष फेम (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफेक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल) भी लॉन्च किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-vehicles-road-show